भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

11.02.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 2012 का उत्तर

कन्फर्म टिकटों को रद्द करना

2012. श्रीमती माला राय:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

15 नवम्बर, 2025 से 15 जनवरी, 2026 की अवधि के दौरान रेलगाड़ियों के देरी से चलने के कारण रद्द किए गए प्रथम, द्वितीय और तृतीय एसी और स्लीपर श्रेणी के कन्फर्म टिकटों की संख्या का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

यात्रियों द्वारा आरक्षित टिकटें विभिन्न कारणों से रद्द कर दी जाती हैं जैसे किसी कार्यक्रम के रद्द होने के कारण योजना में बदलाव, परिवार में अप्रत्याशित घटना की स्थिति, परिवहन के वैकल्पिक साधन से यात्रा करने का निर्णय, गाड़ियों के विलंब से चलने आदि। यात्रियों द्वारा टिकट रद्द करने के कारणों को प्रणाली में दर्ज नहीं किया जाता है।

****